Publication: Raj Express | Date: 12.09.15

Edition: INDORE | Pg No: 08

द एमराल्ड हाईट्स इंटरनेशनल स्कूल विजेता रहा

इंदौर। आईआईपीएस डीएवीवी यूनिवर्सिटी खंडवा रोड़ के समीप यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में भारत की सबसे बड़ी इंटर क्विज टीसीएस आईटी विज के इंदौर संस्करण में विभिन्न स्कूलों के 1000 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया। टीसीएस आईटी विज निःशुल्क तथा कक्षा 8 से 12 तक पढ़ने वाले सभी हाईस्कूल छात्रों के लिए खुली थी। फाइनल्स में क्विजिंग के 5 राउंड के बाद द एमेराल्ड हाईट्स स्कूल के देव सेठ तथा वैभव सिंह टाइटल जीता। इस साल की रीजनल चैम्पियनशिप में प्रत्येक विजेताओं को स्पेशल डिजाइन की गई ट्राफी दी गई। इस साल भारत में 15 स्थानों अहमदाबाद, बेंगलुर, भुनेश्वर, चैन्नई, कोयम्बटूर, दिल्ली, हैदराबाद, इंदौर, कोची, कोलकाता, लखनऊ, मुबंई, नागपुर, पुणे तथा विशाखापट्टनम में टीसीएस आईटी विज का आयोजन किया गया।